कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद

पत्राँक :– 3052/प्रा0–प्रमाण पत्र/2023 दिनाँक :– 3/06/2023

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी,
मुरादाबाद।

विषय :– **कक्षा–नर्सरी से कक्षा–8 तक की मान्यता हेतु आवेदन करने के लिए विद्यालय भवन नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ :– **आपका पत्रांक–08/एस0टी0/43/2023–24 दिनांक 06.04.2023**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में अवगत कराना है कि प्रबन्धक ग्लोबल पब्लिक स्कूल, कांठ रोड, कुचावली, मुरादाबाद का निरीक्षण इस खण्ड के सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता द्वारा किया गया। निरीक्षणोंपरान्त विद्यालय भवन बाह्य रूप से देखने पर सामान्यतः सुरक्षित प्रतीत होता है। विद्यालय भवन सुरक्षित होने का प्रमाण–पत्र संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

<u>संलग्नकः– प्रमाण–पत्र</u>

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद

पत्राँक :– /प्रा0–प्रमाण पत्र/2023 दिनाँक :–

प्रतिलिपि :–

1. सहायक अभियन्ता–द्वितीय, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद को उनके द्वारा दी गयी आख्या के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद

Ma...

–: प्रमाण–पत्र :–

मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद के पत्रांक–08 / एस0टी0 / 43 / 2023–24 दिनांक 06.04.2023 के अनुपालन में प्रबन्धक ग्लोबल पब्लिक स्कूल, कांठ रोड कुचावली, मुरादाबाद के विद्यालय भवन का निरीक्षण किया गया। विद्यालय भवन भू–तल, प्रथम–तल एवं द्वितीय–तल तक का निर्माण वर्ष 2016–17 में किया गया है। विद्यालय भवन की संरचनात्मक परिकल्पना / ड्राईंग एवं निर्माण कार्य (Design Arcade) श्री विनीत कुमार (आर्किटेक्ट), रजिस्ट्रेशन नम्बर–सी0ए0 / 99 / 24333, हॉल नं0–64, एकता काम्पलेक्स सिविल लाईन, मुरादाबाद की देख–रेख में किया गया है। भवन तीन मंजिला है भू–तल, प्रथम–तल एवं द्वितीय–तल पर कक्षाओं का संचालन होता है। भवन की ड्राईंग एवं स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि भवन की संरचना का निर्माण आर0सी0सी0 फ्रेम स्ट्रक्चर कॉलम, बीम एवं स्लैब का है। कक्षों में दो–दो दरवाज़े एवं खिडकियॉं है, जिससे प्रकाश एवं हवा का सर्कुलेशन पर्याप्त है। प्रथम तल पर जाने हेतु एक स्टेयर केस (ज़ीना) है। भवन के निरीक्षण में कॉलम, बीम, स्लैब तथा दीवारों में कहीं भी दरार अथवा स्टेलमेंट नही पाया गया। भवन की छत एवं दिवारों के निर्माण मजबूत है। भवन में वर्षा, धूप एवं ठंड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था है। वाह्य अवलोकन में पाया गया कि भवन सामान्य परिस्थितियों हेतु सुरक्षित है।

पूर्व निर्मित विद्यालय भवन का वाह्य अवलोकन (Visual Inspection) आश्रित प्रस्तुत प्रमाण–पत्र भवन के अभिकल्पनीय पहलूओं, निर्माण में प्रयुक्त विशिष्टि आतंरिक अवयवों की गुणवत्ता प्रमाणक नही है। यह प्रमाण पत्र श्री विनीत कुमार (आर्किटेक्ट) के संलग्न प्रमाण पत्र के क्रम में जारी किया जा रहा है।

[signature] 01/6/23

अवर अभियन्ता	**सहायक अभियन्ता**
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0	**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0**
मुरादाबाद	**मुरादाबाद**

Ma...